पर्यावरण विभाग
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार
'सी' विंग, छटा तल, दिल्ली सचिवालय, आई.पी. एस्टेट, नई दिल्ली–110 002

फा. सं०: एफ.10 (30)/पर्या./2023/7152-7155 दिनांक : 14-12-2023

सेवा में,

श्रीमान उप–सचिव (प्रश्न एवं समिति)
दिल्ली विधान सभा सचिवालय
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार
पुराना सचिवालय, दिल्ली – 110054

विषयः विधानसभा तारांकित प्रश्न संख्या 20 दिनाँक 15.12.2023 माननीय विधायक श्री ओम प्रकाश शर्मा द्वारा पूछा गया।

महोदय,

उपरोक्त उद्धृत विषयानुसार संदर्भ ई–मेल दिनाँक 05.12.2023, इस कार्यालय से संबंधित एवं उपलब्ध दस्तावेजों के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर अग्रिम कार्यवाही हेतु संलग्न है।

यह माननीय मंत्री (पर्यावरण एवं वन्य विभाग) के पूर्व अनुमोदन से जारी हुआ है।

भवदीय,

राजीव रंजन 14.12.23
(राजीव रंजन)
उप–सचिव (पर्या.)

संलग्नः– उत्तर की प्रतियां (संख्या 100)

फा. सं०: एफ.10 (30)/पर्या./2023/7152-7155 दिनांक : 14-12-2023

प्रतिलिपि सूचनार्थः–

1. सचिव, माननीय मंत्री (पर्यावरण विभाग), राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार, दिल्ली सचिवालय, नई दिल्ली
2. निजि सचिव, प्रधान सचिव पर्यावरण एवं वन्य विभाग, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार, दिल्ली

प्रतिलिपि आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. निदेशक, सूचना एवं प्रचार निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार, पुराना सचिवालय, दिल्ली – 110054 **(संलग्न 150 प्रश्न–उत्तर की प्रतियां)।**

राजीव रंजन 14.12.22
(राजीव रंजन)
उप–सचिव (पर्या.)

पर्यावरण विभाग
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार
'सी' विंग, छटा तल, दिल्ली सचिवालय, आई.पी. एस्टेट, नई दिल्ली–110 002

प्रश्नकर्ता का नाम	:	**श्री ओम प्रकाश शर्मा**
प्रश्न संख्या	:	**20**
प्रश्न	:	**तारांकित**
दिनांक	:	**15.12.2023**

क्या माननीय पर्यावरण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगें कि:–

क.	प्रश्न	उत्तर
क.	दिल्ली में पिछले 10 वर्षों के दौरान PM2.5 व PM10 की औसत मात्रा का विवरण महीने वार प्रदान करें;	PM2.5 व PM10 के लिए डीपीसीसी के 24 सतत परिवेशी वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशनों (सीएएक्यूएमएस) का 2014 से 2023 (नवंबर) तक महीने–वार औसत संकेंद्रण **अनुलग्नक–क** में संलग्न है।
ख.	दिल्ली में पिछले 10 वर्षों के दौरान PM2.5 व PM10 की औसत मात्रा कितने मोनिटरिंग स्टेशन के आधार पर हो रहा है, इसकी महीने वार जानकारी प्रदान करें;	दिल्ली में डीपीसीसी, सीपीसीबी, आईएमडी और आवासन एवं शहरी मामले मंत्रालय द्वारा प्रबंधित 40 सतत परिवेशी वायु गुणवत्ता निगरानी केन्द्र (सीएएक्यूएमएस) हैं, जिसके आधार पर सीपीसीबी द्वारा औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) की गणना की जाती है। 2018 से डीपीसीसी द्वारा चौबीस मॉनिटरिंग स्टेशनों का प्रबंधन किया जा रहा है, जिनके नाम हैं– विवेक विहार, आनंद विहार, जहांगीरपुरी, अशोक विहार, वजीरपुर, पंजाबी बाग, बवाना, नरेला, रोहिणी, मुंडका, द्वारका सेक्टर–8, आर.के. पुरम, ओखला फेज 2, सोनिया विहार, अलीपुर, पटपड़गंज, केएसएसआर, नेशनल स्टेडियम, पूसा, मंदिर मार्ग, नजफगढ़, जेएलएन स्टेडियम, अरबिंदो मार्ग और नेहरू नगर। इसकी तुलना में, 2014–2017 के दौरान डीपीसीसी के 4 सतत परिवेशी वायु गुणवत्ता निगरानी केन्द्र (सीएएक्यूएमएस) थे– आनंद विहार, पंजाबी बाग, आर.के. पुरम और मंदिर मार्ग।
ग.	दिल्ली में पिछले 10 वर्षों के दौरान PM2.5 व PM10 की औसत मात्रा बढने व घटने के आंकलन पर एक्सपर्ट की क्या राय है, क्योंकि अलग–अलग महीनों में मोनिटरिंग स्टेशन की संख्या भिन्न–भिन्न रही है;	रा. रा. क्षे. दिल्ली का स्रोत विभाजन अध्ययन 2016 में आईआईटी कानपुर और 2018 में द एनर्जी रिसर्च इंस्टीट्यूट (टीईआरआई) के माध्यम से किया गया था। 2018 में दिल्ली में सर्दियों के मौसम के दौरान परिवेशीय कणों (पार्टिकुलेट मैटर) के स्रोत विभाजन का अध्ययन (आईआईटी–मद्रास) और 2020 में रा.रा.क्षे. दिल्ली में वायु की पर्यावरण वहन क्षमता का अध्ययन (स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर) भी किया गया था। इन अध्ययनों ने दिल्ली में प्रदूषण के विभिन्न स्रोतों पर लक्षित जानकारी प्रदान की है, जिसका उपयोग प्रदूषण नियंत्रण और शमन कार्य नीतियां विकसित करने के लिए किया जाता है। जनवरी से नवंबर के महीनों के दौरान 'अच्छे दिन' (एक साथ अच्छे/संतोषजनक/सामान्य दिन) 2018 में 157 से बढ़कर 2023 में 206 हो गए हैं। 2014 से 2023 (नवंबर) तक PM2.5 व PM10 के वार्षिक शहर औसत संकेंद्रण का विवरण **अनुलग्नक–ख** में संलग्न है।

राजीव रंजन

Rajiv Ranjan
Dy. Secy. (Env)

घ.	ट्री ट्रांसप्लांटेशन पॉलिसी को लाने के पीछे मुख्य कारण क्या थे;	संशोधित मानदंडों का उद्देश्य वृक्षों की कटाई को पूरी तरह से हतोत्साहित करना और वैज्ञानिक प्रत्यारोपण के माध्यम से मौजूदा देशी प्रजातियाँ के स्वस्थ वृक्षों को जीवित रखने की अधिकतम संभावना सुनिश्चित करना था ।
ड.	ट्री ट्रांसप्लांटेशन पॉलिसी को लाने के बाद व उसके पहले लगाये गये ट्री की संख्या व उसके सर्वाइवल से जुड़ी जानकारी का विस्तृत वर्षवार विवरण दें;	यह कार्य वन अनुसंधान संस्थान (Forest Research Institute) को करने के लिए दिया गया है।
च.	ट्री ट्रांसप्लांटेशन पॉलिसी को अपने उद्देश्य में विफल होने के प्रमुख कारण क्या हैं;	उपरोक्तानुसार।
छ.	दिल्ली के चयनित हॉट–स्पॉट पर प्रदूषण कम करने के लिये उठाए गये उपायों से कितना प्रदूषण कम हुआ, महीनेवार जानकारी दें; और	2018 के संदर्भ में 2023 (नवंबर तक) में हॉट–स्पॉट पर PM2.5 व PM10 संकेन्द्रण में कमी का महीने–वार डेटा **अनुलग्नक–ग** में दिया गया है।
ज.	पिछले कुछ वर्षों के दौरान किन स्थानों को नये हॉट–स्पॉट घोषित करने पर विचार हुआ है या अनुंशसा मिली है विस्तृत जानकारी दें?	नए हॉट–स्पॉट घोषित करने के लिए किसी नए स्थान की अनुशंसा नहीं की जा रही है।

राजीव रंजन

(राजीव रंजन)
उप–सचिव, पर्यावरण विभाग

Rajiv Ranjan
Dy. Secy. (Env)

अनुलग्नक–क

वर्ष 2014 से (नवंबर) 2023 तक पीएम$_{10}$ और पीएम$_{2.5}$ के लिये डीपीसीसी सतत वायु गुणवत्ता निगरानी प्रणाली से मापित महीने वार औसत सघनता

माह	पीएम$_{10}$	पीएम$_{2.5}$	माह	पीएम$_{10}$	पीएम$_{2.5}$	माह	पीएम$_{10}$	पीएम$_{2.5}$	माह	पीएम$_{10}$	पीएम$_{2.5}$	माह	पीएम$_{10}$	पीएम$_{2.5}$
जन.–14	407	252	जन.–16	473	281	जन.–18	427	265	जन.–20	253	166	जन.–22	259	170
फर–14	355	163	फर -16	292	145	फर -18	314	159	फर -20	231	136	फर -22	232	116
मार्च-14	271	98	मार्च -16	186	96	मार्च -18	265	110	मार्च -20	130	60	मार्च -22	246	102
अप्रैल-14	344	123	अप्रैल 16	312	115	अप्रैल 18	286	94	अप्रैल 20	110	47	अप्रैल 22	322	114
मई-14	326	113	मई -16	311	90	मई -18	272	93	मई -20	140	57	मई -22	247	77
जून-14	337	107	जून -16	223	65	जून -18	314	82	जून -20	120	46	जून -22	222	60
जुलाई14	188	82	जुलाई 16	121	42	जुलाई 18	107	39	जुलाई 20	75	33	जुलाई 22	86	36
अगस्त14	237	93	अगस्त16	119	41	अगस्त18	124	39	अगस्त20	55	24	अगस्त22	93	32
सितं-14	187	65	सितं -16	199	60	सितं -18	121	44	सितं -20	123	49	सितं -22	108	40
अक्तू-14	306	163	अक्तू -16	366	154	अक्तू -18	321	142	अक्तू -20	295	141	अक्तू -22	227	108
नवंबर-14	531	273	नवंबर 16	575	301	नवंबर 18	373	221	नवंबर 20	382	240	नवंबर 22	325	194
दिसं-14	402	244	दिसं-14	424	238	दिसं-14	405	243	दिसं-14	333	215	दिसं-14	307	191
जन.-15	327	208	जन.-15	303	180	जन.-15	343	215	जन.-15	309	214	जन.-15	295	189
फर -15	306	163	फर -17	294	124	फर -19	227	127	फर -21	298	165	फर -23	249	120
मार्च -15	216	88	मार्च -17	250	91	मार्च -19	193	86	मार्च -21	257	100	मार्च -23	179	80
अप्रैल -15	267	90	अप्रैल 17	326	112	अप्रैल 19	249	82	अप्रैल 21	233	89	अप्रैल 23	213	72
मई -15	343	118	मई -17	277	107	मई -19	268	92	मई -21	158	56	मई -23	209	68
जून -15	233	97	जून -17	217	70	जून -19	225	62	जून -21	159	52	जून -23	148	43
जुलाई 15	155	56	जुलाई 17	125	43	जुलाई 19	149	46	जुलाई 21	107	39	जुलाई 23	81	35
अगस्त15	171	61	अगस्त17	129	45	अगस्त19	84	33	अगस्त21	115	41	अगस्त23	133	37
सितं-15	239	72	सितं -17	149	65	सितं -19	99	40	सितं -21	75	33	सितं -23	116	41
अक्तू -15	331	139	अक्तू -17	378	180	अक्तू -19	255	130	अक्तू -21	192	81	अक्तू -23	244	107
नवंबर 15	492	267	नवंबर 17	464	301	नवंबर 19	333	215	नवंबर 21	410	263	नवंबर 23	407	264
दिसं-14	466	243	दिसं -17	407	240	दिसं-14	331	219	दिसं -21	336	224	दिसं-14		

औसत की गणना 2014-17 तक 4 केंद्रों के लिये और 2018-23 तक 24 केंद्रों के लिये µg/m3 में सघनता माप के लिये की गयी।

राजीव रंजन

Rajiv Ranjan
Dy. Secy. (Env)

अनुलग्नक–ख

2014 से 2023 (नवंबर) तक डीपीसीसी सीएएक्यूएमएस में पीएम10 और पीएम2.5 के वार्षिक शहर औसत संकेंद्रण का विवरण)

	पीएम 10 (µg/m³)	पीएम 2.5 (µg/m³)
2014	324	149
2015	295	133
2016	303	137
2017	277	130
2018	277	128
2019	230	112
2020	187	101
2021	221	113
2022	223	103
2023	207	96

*City average is calculated from 2014-2017 for 4 stations & from 2018-2023 for 24 stations



राजीव रंजन

Rajiv Ranjan
Dy. Secy. (Env)

2018 के संदर्भ में 2023 (नवंबर तक) में हॉटस्पॉट पर पीएम10 संकेन्द्रण में कमी का महीने–वार डेटा							
हॉटस्पॉट	2018	2019	2020	2021	2022	2023	कमी/वृद्धि
जहांगीरपुरी	333	262	230	267	256	249	-25
नरेला	275	237	217	253	232	214	-22
अशोक विहार	288	230	188	224	222	201	-30
विवेक विहार	274	234	195	233	241	220	-20
द्वारका	327	311	230	259	255	220	-33
मुंडका	386	289	228	263	267	274	-29
रोहिणी	319	246	216	237	233	221	-31
वजीरपुर	347	292	215	265	242	258	-26
ओखला	269	219	191	228	219	206	-23
बवाना	304	250	230	256	253	228	-25
आनंद विहार	376	283	202	282	326	285	-24
पंजाबी बाग	260	214	187	206	231	213	-18
आर.के. पुरम	259	220	165	201	202	192	-26
							*-ve value means reduction



राजीव रंजन

Rajiv Ranjan
Dy. Secy. (Env)

2018 के संदर्भ में 2023 (नवंबर तक) में हॉटस्पॉट पर पीएम 2.5 संकेन्द्रण में कमी का महीने-वार डेटा

हॉटस्पॉट	2018	2019	2020	2021	2022	2023	कमी/वृद्धि
जहांगीरपुरी	164	129	125	142	126	111	-32
नरेला	136	110	105	120	109	100	-27
अशोक विहार	137	122	111	118	103	84	-39
विवेक विहार	128	116	114	127	110	89	-30
द्वारका	120	109	101	110	98	97	-19
मुंडका	156	126	115	130	115	110	-29
रोहिणी	138	129	118	120	109	103	-26
वजीरपुर	157	136	92	125	114	109	-30
ओखला	119	107	95	108	92	90	-24
बवाना	140	132	120	128	115	111	-21
आनंद विहार	155	129	112	130	124	113	-27
पंजाबी बाग	123	107	103	115	114	106	-14
आर.के. पुरम	125	115	87	108	105	111	-12

*-ve value means reduction



राजीव रंजन

Rajiv Ranjan
Dy. Secy. (Env)